हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

NEWS

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–191 : जौनपुर, मंगलवार 02 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भाजपा में शामिल हुए सपा विधायक सुभाष पासी : प्रदेश अध्यक्ष ने दिलाई सदस्यता

लखनऊ ब्यूरो : सपा से निष्कासित किए गए विधायक सुभाष पासी ने मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ले ली। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके पहले सुभाष पासी को पार्टी विरोधी गतिविधियों का हवाला देते हुए सपा से निष्कासित कर दिया गया। सुभाष पासी गाजीपुर जिले की सैदपुर विधानसभा सीट से सपा के विधायक थे। वह जिले के देवकली ब्लाक के डिहिया गांव के रहने वाले हैं। वह 2017 में सपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और भाजपा प्रत्याशी विद्यासागर सोनकर को हराया था। उनका भाजपा में स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा का सफाया होना तय है। भाजपा एक बार फिर प्रचंड बहुमत से प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने जा रही है। प्रदेश की जनता विकास चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सिर्फ एक परिवार का नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का विकास चाहती है। साढ़े चार साल के भाजपा शासन में प्रदेश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में कानून का राज है। माफिया प्रदेश छोड़कर भाग रहे हैं। इसके पहले सोमवार को उन्होंने कहा था कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा राम के विचार पर चलने वाली पार्टी है। उनके जीवन में त्याग और तपस्या, भाईचारा का जो जीवन रहा है उसी से रामराज्य की स्थापना हुई है। आज भले ही हम उनके जैसी तपस्या न कर पाएं पर हमारे पास मोदी और योगी जैसा नेतृत्व उसी राष्ट्रवाद




को स्थापित करने में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव में भाजपा की प्राथमिकता गांव, गरीब, किसान, महिला सुरक्षा और विकास ही रहेगा। उन्होंने धारा 370 की समाप्ति और राम मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। भाजपा के जीतने से राष्ट्रवाद मजबूत होगा, जबकि विपक्ष के जीतने पर राष्ट्रवाद कमजोर होने के साथ वंशवाद, भ्रष्टाचार, परिवारवाद को बढ़ावा मिलेगा।

## उत्तर प्रदेश चुनाव 2022 : जिन्ना वाले बयान पर चौतरफा घिरे अखिलेश यादव

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुताोष चौधरी : एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को इतिहास पढ़ने की सलाह दी है। उन्होंने यह सलाह मोहम्मद अली जिन्ना को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक के रूप में गिनने की उनकी टिप्पणियों को लेकर दी है। अखिलेश यादव को एक सार्वजनिक रैली में उनकी टिप्पणियों पर भाजपा द्वारा भी फटकार लगाई गई है। अखिलेश ने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल के रूप में एक ही सांस में पाकिस्तान के संस्थापक जिन्ना का भी नाम ले लिया। उत्तर प्रदेश के हरदोई में समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने कहा, "सरदार पटेल, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना एक ही संस्थान में पढ़े और बैरिस्टर बने। वे बैरिस्टर बने और उन्होंने भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। वे कभी किसी संघर्ष से पीछे नहीं हटे।" आपको बता दें कि अगले साल उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा ने अखिलेश यादव पर चुनाव से पहले "मुस्लिम तुष्टीकरण" का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे "तालिबानी मानसिकता" कहा। ओवैसी ने कहा, "अगर अखिलेश यादव सोचते हैं कि इस तरह के बयान देकर वह लोगों के एक वर्ग को खुश कर सकते हैं, तो मुझे लगता है कि वह गलत हैं। उन्हें अपने सलाहकारों को बदलना चाहिए। उन्हें खुद को शिक्षित करना चाहिए और कुछ इतिहास पढ़ना चाहिए।" उन्होंने कहा, "अखिलेश यादव को यह समझना चाहिए कि भारतीय मुसलमानों का मुहम्मद अली जिन्ना से कोई लेना–देना नहीं है। हमारे बुजुर्गों ने द्वि–राष्ट्र सिद्धांत को खारिज कर दिया और भारत को अपने देश के रूप में चुना।" इससे पहले योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी प्रमुख से माफी की मांग की थी। यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा, "उनकी विभाजनकारी मानसिकता एक बार फिर सामने आई जब उन्होंने सरदार पटेल को अपने साथ जोड़कर जिन्ना को महिमामंडित करने की कोशिश की। यह तालिबानी मानसिकता है जो विभाजित करने में विश्वास करती है। समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।" बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने भी अखिलेश यादव पर निशाना साधा, जो 2019 के राष्ट्रीय चुनाव के लिए उनके सहयोगी थे। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव की टिप्पणी और उन पर भाजपा की प्रतिक्रिया उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए दोनों दलों द्वारा बनाई गई एक रणनीति थी। मायावती ने कहा, "सपा और भाजपा की राजनीति एक दूसरे की पूरक रही है। चूंकि इन दोनों पार्टियों की सोच जातिवादी और सांप्रदायिक है, वे अपने अस्तित्व के लिए एक–दूसरे पर निर्भर हैं। इसलिए जब सपा सत्ता में होती है, तो भाजपा मजबूत हो जाती है।" मायावती ने कहा कि जब बसपा सत्ता में होती है तो भाजपा कमजोर हो जाती है।

धनतेरस एवं दीपावली के पावन पर्व पर समस्त देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

देश की उपासना

राष्टीय हिन्दी

मासिक/साप्ताहिक एवं दैनिक समाचार पत्र परिवार की तरफ से

उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर ,जौनपुर,उ0प्र0

## थाना जलालपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 02.11.2021 श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम, वांछित/ वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु व अवैध मादक पदार्थ की विक्री व दिवाली त्योहार के मद्देनजर अवैध विस्फोटक पदार्थ की बिक्री के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के प्रभावी निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी केराकत जौनपुर के कुशल नेतृत्व में एस0एच0ओ0 विजय शंकर सिंह मय हमराह जलालपुर चौराहे पर मौजूद थे कि मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रोशन अली S/O अब्दुल हमीद R/O महिमापुर जलालपुर बाजार थाना जलालपुर जनपद जौनपुर 28 वर्ष को समय करीब 05. 05 पर ग्राम महिमापुर से गिरफ्तार किया गया तथा एक अन्य अभियक्त जावेद उर्फ गोलू S/O स्व0 लियाकत अली निवासी महिमापुर थाना जलालपुर जौनपुर मौके से गिरफ्तारी के डर से फरार हो गया , गिरफ्तार अभियुक्त रोशन अली उपरोक्त की निशादेही पर विभिन्न प्रकार के कुल 138 .85 KG पटाखा बरामद हुआ, फर्द बरामदी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 268/21 धारा 4/5/9ठ विस्फोटक अधिनियम बनाम रोशन अली उपरोक्त आदि दो नफर के पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1– रोशन अली S/O अब्दुल



हमीद R/O महिमापुर जलालपुर बाजार थाना जलालपुर जनपद जौनपुर 28 वर्ष को समय करीब 05.05 पर ग्राम महिमापुर जनपद जौनपुर । फरार अभियुक्त– 1. जावेद उर्फ गोलू S/O स्व0 लियाकत अली निवासी महिमापुर थाना जलालपुर जौनपुर । बरामदगी का विवरण – 138.5 कि0ग्रा0 विभिन्न प्रकार के पटाखे पंजीकृत अभियोग – 1. मु0अ0सं0– 268/2021 धारा 4/5/9ठ विस्फोटक अधिनियम थाना जलालपुर जौनपुर ।गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः–1– निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह ( प्रभारी निरीक्षक थाना जलालपुर जौनपुर। 2– उ0नि0 मनोज कुमार पाण्डेय,हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह,हे0का0 रिजवान अख्तर ,का0 विकास सिंह,का0 आनन्द कुमार सिंह,का0 सुनील कुमार ,का0 योगेश मिश्रा थाना जलालपुर जौनपुर।

## मुख्यमंत्री नारी सम्मान योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय निगरानी व समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्यमंत्री नारी सम्मान योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय निगरानी व समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि कोविड–19 महामारी के दौरान 01 मार्च 2020 के उपरांत जिसने अपने संरक्षण प्रदान करने वाली पिता, पति, बेटे व संरक्षक को खोया है उन प्रभावित महिलाओं को जीवन यापन हेतु विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा कार्यक्रमों में रोजगार के नवीन अवसर प्रदान किया जाएगा। 18 वर्ष से ऊपर सभी महिलाओं जिन्होंने अपने माता, पिता, पति, पुत्र, पुत्री संरक्षण के रूप में परिवार की आजीविका चलाने वाले सदस्य को 01 मार्च 2021 के बाद कोरोना वायरस दौरान खोया है उन्हें विभिन्न विभागीय योजनाओं के माध्यम से प्रभावित महिलाओं को पात्रता के अनुसार प्राथमिकता प्रदान करेंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना, स्वरोजगार योजना अन्य विभागीय योजनाओं में उपरोक्त महिलाओं को पात्रता के अनुसार प्राथमिकता प्रदान करना। महिला कल्याण विभाग– पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला की पुत्री की शादी अनुदान



योजना, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पुनर्विवाह हेतु दंपत्ति पुरस्कार योजना, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग– आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका एवं अन्य विभागीय योजनाओं के संचालन में उपरोक्त महिलाओं को पात्रता के अनुसार प्राथमिकता, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण – आशा, संगिनी, आशा वर्कर के रूप में नियुक्ति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं अन्य विभागीय योजनाओं के अंतर्गत नियुक्तियों में प्रभावित महिलाओं को पात्रता के अनुसार प्राथमिकता, ग्राम विकास विभाग मनरेगा योजना, राज्य आजीविका मिशन योजना आवास योजना, पंचायती राज विभाग– राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान योजना, ग्राम पंचायत विकास योजना, पंचायत उद्योग योजना, उपरोक्त विभागों द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को लाभान्वित किया जाए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, एसीएमओ, प्रधान सहायक, समाज कल्याण, बाल संरक्षण अधिकारी, जिला समन्वयक व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दंत चिकित्सकों ने झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध डीएम व सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के सभी दंत चिकित्सकों ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन दिया और मांग की गई कि इन सब झोलाछाप दंत चिकित्सकों पर रोक लगाई जाए विगत कुछ वर्षों में जिले के अंदर व ग्रामीण इलाकों में भी झोलाछाप दंत चिकित्सकों की बाढ़ सी आ गई है जो लगातार खुलेआम बिना किसी डिग्री के शासन और प्रशासन के नाक के नीचे अवैध तरीके से दंत चिकित्सा के कार्य को अंजाम दे रहे हैं जिससे आम जनता और ग्रामीण जनता का आर्थिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है इस प्रकार इलाज करने से मुख कैंसर और मुख संबंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियां गंभीर रूप से धारण करने लगी है माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कोविड–19 फ्री अभियान को भी नुकसान पहुंच रहा है यह झोलाछाप चिकित्सक बिना कोई मापदंड या मानक पूरा किए प्रशासन को धता बताते हुए काम कर रहे हैं पूर्व में भी दंत चिकित्सकों के संगठनों द्वारा ज्ञापन और जानकारी स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराई गई जिसका कोई नतीजा नहीं निकला जिलाधिकारी द्वारा किए जा रहे लोक कल्याण कार्यों एवं सही निर्देशों को ध्यान में रखते हुए



हम सभी दंत चिकित्सक संगठन और दंत चिकित्सक आप से काफी आशान्वित है कि आप इस बढ़ते हुए झोलाछाप डॉक्टरों पर नकेल कसने और उन पर सख्त कार्रवाई करें ताकि आम जनमानस और भोली भाली ग्रामीण क्षेत्रों की जनता का आर्थिक और शारीरिक शोषण रोका जा सके और उनको सही इलाज मिल सके। प्रदर्शन में डॉक्टर अतुल गुप्ता, डॉ शिखा गुप्ता, डॉक्टर संजय वर्मा, डॉक्टर सजीत पांडे, डॉक्टर जीशान, डॉ ओ पी पाठक,डॉ प्रमोद कुमार, डॉक्टर सौरभ उपाध्याय, डॉक्टर अरीबुज्जमा,डॉक्टर गौरव, डॉक्टर सौरभ रस्तोगी, आशुतोष सोनकर, डॉक्टर सचिन सिंह, डॉक्टर प्रवेश यादव आदि दंत चिकित्सक उपस्थित रहे।

### आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## थाना बरसठी जौनपुर पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को एक अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक, जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों/ वारण्टियों के गिरफ्तारी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन




एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ महोदय के कुशल पर्यवेक्षण मे थाना बरसठी द्वारा अभियुक्त आशुतोष सिंह पुत्र राजेन्द्र प्रसाद सिंह निवासी कान्हपुर थाना बरसठी जौनपुर को मय एक अवैध चाकू के साथ मियांचक तिराहे से पुलिस हिरासत में लिया गया तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। नाम व पता अभियुक्त– 1. आशुतोष सिंह पुत्र राजेन्द्र प्रसाद सिंह निवासी कान्हपुर थाना बरसठी जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0230/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बरसठी जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. एक अवैध चाकू। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम –1. थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम थाना बरसठी जौनपुर। 2. उ0नि0 संजय कुमार यादव,हे0का0 राजू सिंह , का0 बलवन्त प्रसाद थाना बरसठी जौनपुर।

## आठवीं के छात्र ने की खुदकुशीः पिटाई और स्कूल से निकाले जाने से था दुःखी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुताोष चौधरी : जनपद के चिलुआताल थाना क्षेत्र के कुसहरा गांव के रहने वाले आठवीं के छात्र शिवम पांडेय की खुदकुशी के मामले में चिलुआताल पुलिस ने छात्र के पिता की तहरीर पर प्रबंधक, प्रिंसिपल और क्लास टीचर पर केस दर्ज किया है। छात्र शिवम ने अपने सुसाइड नोट में इन्हीं तीनों को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार बताया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने स्कूल प्रबंधक जंगी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य दोनों फरार बताए जा रहे हैं। आरोप है कि शिवम और उसके भाई को प्रबंधक ने शनिवार को स्कूल से निकाल दिया था जिससे आहत होकर शिवम ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती फैसला लिया था। चिलुआताल थाना क्षेत्र के कुसहरा गांव निवासी त्रिपुरारी पांडेय का 15 साल का बेटा शिवम पांडेय आदर्श बाल विद्या मंदिर में आठवीं का छात्र था। इसी स्कूल में उसका भाई सुंदरम भी पढ़ता है। स्कूल की शिक्षका गोल्डी ने शिवम के भाई सुंदरम को किसी बात पर पीट दिया था। बताया जा रहा है कि सिर पर लगे चोट पर शुक्रवार को भी शिक्षका ने स्केल से मार दिया था जिससे सुंदरम रोने लगा था। इसकी जानकारी होने पर शिवम ने विरोध किया था। उसने प्रिंसिपल के पास चलने के लिए कहा था। आरोप है कि शनिवार की सुबह शिवम स्कूल गया था। स्कूल प्रबंधक तक जब यह बात पहुंची तो उन्होंने शिवम को स्कूल से निकाल दिया था। घर आने पर शिवम अवसाद में चला गया और उसने सुसाइड नोट लिखने के बाद घर के अंदर एक कमरे में खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद उसकी मां ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया और दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने शिवम कि पिता त्रिपुरारी को फोन कर इसकी जानकारी दी। अनहोनी की आशंका पर त्रिपुरारी ने चौकी पर फोन किया पुलिस पहुंची तब दरवाजा तोड़ा गया और अंदर शिवम की लाश लटक रही थी। फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस ने सुसाइड नोट को अपने कब्जे में ले लिया। शिवम ने अपने सुसाइड नोट में आत्महत्या की वजह बताते हुए क्लास टीचर गोल्डी, प्रिंसिपल बाल कृष्ण यादव और प्रबंधक जंगी शर्मा को इसके लिए जिम्मेदार बताया। शिवम के पिता त्रिपुरारी की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर प्रबंधक जंगी को गिरफ्तार कर लिया है।

## जिलाधिकारी नें तहसील सदर के ग्राम बक्शा में पहुँच कर क्रॉप कटिंग का किया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने तहसील सदर के ग्राम बक्शा में पहुँच कर क्रॉप कटिंग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने लेखपाल धीरेंद्र व कृषक विनोद से पूछताछ की कि यहां सिंचाई का साधन क्या है, पैदावार कितना होता है, बीज कहां से लिया जाता है, बीज का मूल्य प्रति किलोग्राम कितना है, धान की किस्म कौन सी है, प्रति क्विंटल कितने में बिकता है। जिलाधिकारी ने क्राप कटिंग प्रयोग के ऑकड़ों की गणना सही तरीके से किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर तहसीलदार महेंद्र बहादुर, कानूनगो संजय तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे।



–सुविचार–

जो चादर से ज्यादा पांव पसारते हैं उन्हें एक दिन लोगों के सामनें हांथ भी पसारनें पड़ते हैं–

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## धनतेरस के अवसर पर सजी विभिन्न प्रकार की दुकान : कोरोना संक्रमण के कारण भी दुकानदारी है प्रभावित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीते 2 सालों से कोरोना संक्रमण को देखते हुए त्यौहार फीके नजर आ रहे थे ।या यह कहें कि लोगों ने त्योहार मनाना ही बंद कर दिया था ।लेकिन इस वर्ष कोरोना संक्रमण भगवान की कृपा से कम होने के कारण इस वर्ष अपने त्योहारों को धूमधाम से हंसी खुशी हर्षोल्लास पूर्वक मनाते दिखाई दे रहे हैं। लोगों में दीपावली धनतेरस त्यौहार को लेकर काफी उत्साह है ।घरों की रंगाई पुताई हो या दुकानों की सजावट या फिर लक्ष्मी गणेश की दुकानें सजी सजी हुई है। धनतेरस के अवसर पर बाजारों में में काफी भीड़ भी है। चहल पहल भी बीते सालों की तरह दिखाई दे रहा है। एक बार फिर से बाजारों की रौनक बढ़ी है। दीपावली के लेकर लोग इस वर्ष चाइनीस सामानों का मार्केट कम दिखाई दे रहा है। लोग दिए मोमबत्ती है खरीदते दिखाई दिए हैं जगह–जगह धनतेरस के पर्व पर लक्ष्मी गणेश की दुकानें सजी हुई हैं साथ ही बर्तनों की भी खरीदारी लोगों द्वारा जमकर की जा रही है। वही धनतेरस के पावन पर्व पर सोने चांदी की दुकानों में भी भारी भीड़ दिखाई दे रही है। नगर के ओलंदगंज, पॉलिटेक्निक चौराहा रूहट्टा लाइन बाजार कचहरी कोतवाली चौराहा चौराहा भंडारी स्टेशन बदलापुर पड़ाव आदि क्षेत्रों में दुकाने सजी हुई और लोग जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। नगर के प्रतिष्ठित दुकानदार बनवारी लाल का कहना है कि करोना काल के कारण लोग काफी परेशान थे लेकिन फिर भी आज धनतेरस के पर्व पर लोग खरीदारी कर रहे हैं। लेकिन बीते वर्षो की तुलना में मार्केट में गिरावट आई है। कोरोना संक्रमण का बहुत असर मार्केट



पर नहीं है। वही लक्ष्मी गणेश की दुकानें सजा है महेंद्र अग्रहरी का कहना है कि मार्केट में भीड़ ना होने के कारण हम लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है सामान तोहार गिरा टीके लगाए गए हैं लेकिन बिक्री बहुत कमी है लोग घरों से कम निकल रहे हैं। वही सजावट के सामानों के लिए ओलांदगंज में दुकान लगाए व्यवसाय वह जौनपुर किराना के नाम से मशहूर दुकानदार का कहना है कि इस वक्त महंगाई ज्यादा होने के कारण लोग सामान तो खरीद रहे हैं लेकिन ज्यादा नहीं खरीद रहे हैं सीमित सामानों में ही लोग अपना काम निपटा रहे हैं। हरिओम ज्वेलर्स के प्रोपराइटर का कहना है कि सोने चांदी के दामों में भी उछाल के कारण लोग हल्के फुल्के सामानों को लेकर ही अपना त्यौहार मना रहे हैं लोग सिर्फ शुभ करने के लिए सामानों की खरीद कर रहे हैं जबकि बीते वर्षो में लोग अच्छी रंगों से खरीदारी करते थे और सोने चांदी के भी सामान जमकर खरीदते थे लेकिन कोरोनावायरस कारण अगले 2 वर्षों में सभी टूट गए हैं।

## जिला कारागार के महिला बैरक का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम0 पी0 सिंह के संरक्षण एवं अनुमति से बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान कराने हेतु 02 नवम्बर 2021 को जिला कारागार के महिला बैरक का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के समय पूँछे जाने पर अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1150 बन्दी है, जिनमें पुरूष 1035 महिला 64 तथा 51 अल्पवयस्क हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 14 बच्चे हैं। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। वर्तमान में कोई भी बन्दी गम्भीररूप से बीमार व कोविड मरीज नहीं है। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा धारा 436ए दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधान पर जानकारी प्रदान कराते हुए बताया गया कि जहां कोई व्यक्ति, किसी विधि के अधीन किसी अपराध के (जो ऐसा अपराध नहीं है जिसके लिये उस विधि के अधीन मृत्यु दण्ड के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है) इस संहिता के अधीन अन्वेषण, जॉच या विचारण की अवधि के दौरान कारावास की उस अधिकतम अवधि के जो उस विधि के अधीन उस अपराध के लिये विनिर्दिष्ट की गयी है, आधे से अधिक की अवधि



के लिये निरोध भोग चुका है, वहां उसे परन्तुक के अधीन प्रतिभुओं सहित या रहित व्यक्तिगत बंधपत्र पर छोड़े जाने का प्रावधान है। सचिव, द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान करायी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी एवं बन्दियों को कोविड–19 प्रोटोकाल के नियमों के पालन हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि किसी भी बन्दी को वादों में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर उनके प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। जेल पी0एल0वी0गण को नियमित रूप से सभी बन्दियों को जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि जेल में निरूद्ध बन्दियों के परिजन जेल प्रशासन को 72 घण्टे के अंदर आरटीपीसीआर जॉच रिपोर्ट दिखाकर जेल में निरूद्ध अपने परिजन बन्दी से मुलाकात कर सकेगे। बन्दियों हेतु योगा सत्र के आयोजन तथा डेंगू जैसे रोग से बचाव हेतु बैरक व परिसर में फागिंग कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर, चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, पीएलवी गण व अन्य बन्दीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में किया गया यातायात माह जागरुकता अभियान का शुभारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 01.11.2021 को पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात माह जागरुकता अभियान का शुभारम्भ किया गया, जिसमें यातायात पुलिस जौनपुर द्वारा यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करनें के लिए नेहरु बालोद्यान सिनियर सेकेन्डरी स्कूल, जनक कुमारी इण्टर कालेज व तिलक कान्वेन्ट स्कूल के बच्चों, एनसी0सी0 के कैडेट्स व पुलिस के जवानों द्वारा जागरुकता रैली निकाली गयी । जिस क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायातध्नगर श्री जितेन्द्र दुबे, व सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्री एस0 पी0 सिंह, जौनपुर के द्वारा स्कूल के बच्चों को सोशल डिस्टेशिंग से बैठाकर यातायात नियमों के विषय में सम्बोधित किया गया अंत में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ0 संजय कुमार द्वारा यातायात नियमों के जागरुकता के विषय में विस्तृत उद्दबोधन करते हुए हेलमेट सिटबेल्ट लगा करके वाहन



चलाने व उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करनें पर बल दिया गया, तथा उक्त कार्यक्रम में प्रोजेक्टर द्वारा विडियो दिखाकर व यातायात जागरुकता हेतु पम्पलेट का वितरण कर जागरुक किया गया ।तत्पश्चात हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारम्भ किया गया, उक्त रैली को सामाजिक दूरी बनाये रखते हुए तथा लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक करते हुए पुलिस लाईन मुख्य द्वार से, वाजिदपुर तिराहा से, जेसीज चौराहा से, टी0डी0 कालेज उत्तरी गेट होते हुए लाईन बाजार से मुड़कर पुनः वापस पुलिस लाईन लायी गयी ।

## चुनावी पाठशाला से वोटर बनाने हेतु जागरूकता

जौनपुर सू.वि. : मतदाता सूची में नाम पंजीकरण हेतु और मतदाता साक्षरता बढ़ाने की कवायद तेज हो गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के सभी 2807 विद्यालयो में चुनाव पाठशाला का गठन हो चुका है। विद्यालयो पर स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। जिले के सभी विद्यालयो पर चुनावी पाठशाला लगाने की कार्य योजना तैयार की गई है। इसके तहत नवम्बर माह का विविध कार्यक्रमों के कैलेंडर जारी किए गए है। आगे उन्होंने बताया कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, कर्मचारियों, प्रधानाध्यापक सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र, अनुदेशकों, को निर्देशित कर दिया गया है कि सभी लोग वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर फार्म 6 भरकर आन लाइन आवेदन करने हेतु जागरूक करें। 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र लोगों को मतदाता बनने हेतु जागरूक करें। महिलाओं को वोटर बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। पदाभीत अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि कोविड वैक्सीन को दोनों डोज सभी लोग लगवालें। विकास खण्ड के सभी विधालयो पर एक दिन एक साथ चुनाव पाठशाला आयोजित होगी। जिसके अंतर्गत विकास खण्ड सिकरारा में 11 को, बदलापुर में 12, मुंगराबादशाहपुर में 13, रामपुर व रामनगर 15, धर्मापुर 16, मड़ियाहूं 17, मछलीशहर व नगर में 18 को, सुइथाकला में 20 को, बक्शा 22, करंजाकला 23, सिरकोनी व जलालपुर 25, बरसठी 26, शाहगंज 27, मुफ्तीगंज, केराकत व डोभी में 29 को, महाराजगंज व सुजानगंज में 30 को चुनावी पाठशाला आयोजित होगी जिसमें मतदाता साक्षरता बढ़ाते हुए वोटर बनने के लिए प्रेरित व जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय जय कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर व मछलीशहर पंकज यादव, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, जिला समन्वयक एमडीएम अरुण मौर्य, डी सी सिविल हसन रजा, सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी एस आर जी, एआरपी आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने आजीविका के क्षेत्र में किया सराहनीय प्रयास – जिलाधिकारी

जौनपुर सू.वि. : विकास भवन परिसर में ''उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत'' माँ महुवारी महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम मुहवारी, जलालपुर की अध्यक्ष श्रीमती मधुबाला एवं श्रीमती नीलम के द्वारा प्रेरणा कैन्टीन एवं माया आजीविका स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सविता व हरीओंम आजीविका स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती गीता ग्राम महुवारी, जलालपुर के संयुक्त प्रयास से ''अटल समूह उत्पाद प्रदर्शनी, शोरूम एवं विक्रय केन्द्र का संचालन हेतु '' मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कर–कमलों द्वारा शुभारम्भ किया गया। इस अवसर जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न विकास खण्डों की सदस्यों द्वारा निर्मित उत्पाद को देखा और आचार, मुरब्बा, दीपक आदि की खरीदारी कर उसका स्वयं भुगतान कर समुह की सदस्यो का उत्साहवर्धन किया साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की और प्रेरणा कैण्टीन में समुह के द्वारा निर्मित खाद्य सामग्री टिक्की, ब्रेड, मिठाई चाय का स्वाद लिया। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार ओम प्रकाश यादव द्वारा एन0आर0एल0एम0 की सदस्यों को इस प्रकार से आजीविका के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास को सराहा और पूरे लगन मेहनत के साथ कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य राजस्व अधिकारी राजनीश राय, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, परियोंजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अरविन्द सिंह, उपायुक्त भूपेन्द्र सिंह, श्रमरोजगार व विभिन्न ब्लाकों से आयी हुई समूह की सदस्य अंकिता त्रिपाठी, क्रीर्ति आनन्द, प्रतिभा यादव आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का आभार व धन्यवाद जिला मिशन प्रबन्धक ज्ञापन गुलाब चन्द सरोज ने किया।

## दीपावली मेला में हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद,शाहाबाद द्वारा आयोजित भव्य दीपावली मेला में पांचवे दिन कवि सम्मेलन का आयोजन शाहाबाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कवि सम्मेलन का शुभारंभ वाणी वंदना से निशानाथ अवस्थी ने किया।अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने सभी कवियों और अतिथियों का माला पहनाकर अभिनंदन किया।इस अवसर पर हास्य,व्यंग्य,देश भक्ति एवं सामाजिक संवेदना से जुड़े गीत,रचनाएं सुनाई।सुप्रसिद्ध कवि लखीमपुर के श्रीकांत सिंह ने कहा'' ये दुनिया है तो रहने की, जगह भी कुछ न कुछ होगी।सबकी चाहतें,सबकी तरह भी



कुछ न कुछ होगी। हरदोई के अरविंद मिश्र ने श्रंगारिक रचना सुनाते हुए कहा ''दाल मखनी का घर पे रखे हो पिया,मोरा नैहर में लगता नहीं अब पिया। अभिनव दीक्षित ने सुनाया ''जाग जाते अगर वक्त पर हम सभी, जागना तो पड़ेगा,कभी न कभी'' ओमदेव दीक्षित ने सुनाया ''देश भक्ति हम जगाने आए हैं,जो सोई है,पाकिस्तान को चलो बता दें, बड़ी वीर हरदोई है।।'' डॉ मनीष शर्मा ने कहा कि ''जो बचपन को छोड़ के आया,वो बचपन इसमें दिखाता,वो चलती जब ठुमक ठुमक कर,गीत तभी मैं लिखता।।'' सतीश शुक्ल ने व्यंग्य किया''लोकतंत्र रेल है,स्पीड अच्छी,इंजन फेल है।।'' आलोक पांडेय ने कहा ''श्री राम का रम में,दिखता जिनको अंश रहा होगा,वो कलयुग में हिरण्या कश्यप या फिर कंस रहा होगा।।'' करुणेश दीक्षित ने कुछ इस तरह अपना भाव व्यक्त किया''चांद अकेला नहीं छजता,यदि तारकों की अगवानी न होती।।'' निशानाथ अवस्थी निशंक ने कहा ''अंधाधुंध प्रकृति को छेड़ा, गलती यही हमारी है,पर्यावरण बचाने की,हम सबकी जिम्मेवारी है'' अम्बरीष कुमार सक्सेना ने समग्र गीत सुनाते हुए कहा ''जर जमीं का न अभिमान कर,दो घड़ी बैठ कर ध्यान कर'' सुनाया।अध्यक्षता आरंभ में व्यापार मंडल अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता ने तत्पश्चात कवि निशानाथ अवस्थी निशंक ने की।कवि सम्मेलन का कुशल संचालन यशस्वी कवि लखीमपुर के श्रीकांत सिंह ने किया।सम्मेलन में कर निरीक्षक अनस खां, सफाई निरीक्षक दीपक कुमार,लेखा लिपिक असद खां, शिक्षक सुधीर कुमार मिश्रा, मधुप मिश्र,दिलीप कुमार,रामवीर,वहीद अख्तर,राकेश तिवारी,अरुण श्रीवास्तव समेत आसपास के तमाम नागरिक मौजूद रहे।

## विनोबा सेवा आश्रम बरतारा शाहजहांपुर को वर्ष 2021 का डॉक्टर स्वामी राम मानवता पुरुस्कार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारत देश में आर्थिक, पर्यावरण,विज्ञान संबंधी,सामाजिक व आध्यात्मिक क्षेत्र में समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली किसी एक प्रतिष्ठित संस्था अथवा व्यक्ति को हिमालयन ट्रस्ट द्वारा गत 18 वर्षों से प्रदान किया जाता है उक्त राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित मानवता पुरुस्कार वर्ष 2003 में पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा ,वर्ष 2004 में चिल्ड्रन विलेज आफ इंडिया ,वर्ष 2005 में चंडीप्रसाद भट्ट ,वर्ष 2006 में स्वामी विवेकानंद यूथ मूवमेंट वर्ष 2007 में पिंडलवाड़ा चौरटीबिल ट्रस्ट अमृतसर पंजाब ,वर्ष 2008 को विकास भारती झारखंड , वर्ष 2009 में थूथक नन्यूट टीम टी. एन. टी . मिजोरम , 2010 में सर्च सोसाइटी गढ़चिरौली महाराष्ट्र , ,2011 में दिव्यप्रेम सेवा मिशन हरिद्वार ,वर्ष 2012 में सनमती बाल निकेतन पूना ,वर्ष 2013 स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉक्टर शिवकुमार शर्मा दिल्ली, वर्ष 2014 में कंप्यूटर विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक सावंत महाराष्ट्र ,वर्ष 2015 में परिवार संस्था कलकत्ता बंगाल वर्ष 2016 में डॉक्टर विभा गुप्ता वर्धा महाराष्ट्र , वर्ष 2017 में सेवा रूरल भड़ूच गुजरात ,वर्ष 2018 में कुष्ठ सेवा हेतु सेवाधाम उज्जैन ,वर्ष 2019 में आध्यात्मिक क्षेत्र में स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि उत्तराखंड ,वर्ष 2020 में प्रख्यात पर्यावरणविद डॉक्टर सच्चिदानंद भारती को प्राप्त हुआ है । उक्त प्रतिष्ठित मानवता पुरुस्कार वर्ष 2021 के लिए ग्रामीण क्षेत्र में गत चार दशक से गांधी विनोबा के सिद्धांतों पर दीदी निर्मला देशपांडे के मार्गदर्शन में काम करने वाली संस्था विनोबा सेवा आश्रम बरतारा शाहजहांपुर उत्तरप्रदेश का चयन किया गया है। ज्ञातव्य हो विनोबा सेवा आश्रम की स्थापना पूज्य बाबा विनोबा जी का प्रत्यक्ष आशीर्वाद प्राप्त कर विनोबा सेवा आश्रम




की स्थापना वर्ष 1980 में शिक्षा स्वास्थ्य स्वाबलंबन गोसेवा,,जैविक खेती,गांवों में ग्रामस्वराज्य की स्थापना हेतु की थी । विनोबा सेवा आश्रम को इससे पूर्व जागृति पुरुस्कार, हरिजन सेवा पुरुस्कार, प्रकृति गौरव पुरुस्कार , पर्यावरण संरक्षण पुरुस्कार , नाबार्ड द्वारा प्रथम स्वयं सहायता पुरुस्कार, भूदान स्मृति पुरुस्कार , नशा मुक्ति सम्मान , भारतीय स्टेट बैंक सेवा सम्मान ,बैंक आफ बड़ौदा वित्तीय साक्षरता सम्मान ,गांधी पुस्तकालय द्वारा प्रख्यात गांधी पुरुस्कार, गो सेवा आयोग द्वारा गो उपासना सम्मान ,जैविक खेती हेतु सम्मान , महिला सुरक्षा एवं शिक्षा सम्मान, मलाला अवार्ड ,,राष्ट्रीय युवा पुरुस्कार, इसके अलावा रमेश भइया और विमला बहन को विवेकानंद यूथ अवार्ड , दोनो को जनपद रत्न सम्मान,रुहेलखंड गौरव सम्मान राज्य रत्न सम्मान , प्रकृति रत्न सम्मान अति प्रतिष्ठित रचनात्मक क्षेत्र में जमनालाल बजाज पुरुस्कार , उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यशभारती सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। विनोबा सेवा आश्रम के निदेशक मोहित कुमार के कार्यों से प्रसन्न होकर आश्रम को स्वच्छता के क्षेत्र में जम्मू काश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा जी भी आशीर्वाद दे चुके हैं । विनोबा सेवा आश्रम को इससे पूर्व 53 पुरस्कार मिल चुके हैं ।आश्रम परिवार इस चौवनवें पुरुस्कार के रूप में स्वामी राम मानवता पुरुस्कार घोषित होने से सभी को काफी प्रसन्नता है। संस्थापक रमेश भैया ने कहा कि उक्त राष्ट्रीय स्तर पर अति प्रतिष्ठित पुरुस्कार को बाबा विनोबा का प्रसाद मानकर आश्रम द्वारा स्वीकार किया गया है। आगामी 13 नवंबर स्वामी राम जी की पुण्यतिथि पर हिमालयन इंस्टिट्यूट देहरादून में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।

## नगर स्वास्थ्य अधिकारी के घर पर अग्निकांड : लपटों में घिरी महिला ने लगाया जलाने का आरोप

अलीगढ़ ब्यूरो : क्वार्सी थाना क्षेत्र की पॉश स्वर्ण जयंती नगर कॉलोनी में सोमवार रात नगर स्वास्थ्य अधिकारी के मकान में महिला आग की लपटों की घिर गई। आधी रात को मची चीख पुकार पर इलाके के लोगों ने पुलिस को बुलाया और किसी तरह घर के बरामदे में आग की लपटों में घिरी महिला को ताला तोड़कर बाहर निकाला। घायल महिला को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हालांकि, देर रात तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं था। मगर, झुलसी महिला ने चीखते हुए डॉक्टर की पत्नी पर घर बुलाकर जलाने का आरोप लगाया है। खास बात है कि डॉक्टर घर पर नहीं हैं और उनका मोबाइल स्विच ऑफ है। हाल ही में नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर तैनात हुए डॉ. कमल सिंह का स्वर्ण जयंती नगर में मकान है। घर में पत्नी कल्पना के अलावा एक बेटा व बेटी भी है। वाकया सोमवार रात करीब 12 बजे का है। आसपास के लोगों ने कॉलोनी में चीख पुकार सुनी तो लोग घरों से बाहर आ गए। लोगों ने देखा कि डॉ. कमल सिंह के तीन मंजिला मकान के बरामदे में एक महिला जल रही है और आग की लपटों से घिरी चीख रही है। कमल सिंह की पत्नी अपने बच्चों संग बैठक वाले कमरे में मौजूद हैं और अंदर से चिल्ला रही हैं, जबकि मुख्य दरवाजा अंदर से बंद है और उसमें ताला पड़ा है। बाहर से लोग अंदर नहीं जा पा रहे हैं, न कमल सिंह की पत्नी महिला को बचाने बाहर आ रही हैं। इस पर लोगों ने पुलिस बुला ली और पुलिस के आने पर लोग दीवार फांद कर घर के अंदर घुसे। लोगों ने तब किसी तरह कपड़े आदि डालकर आग बुझाई और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर महिला को बाहर निकाला गया। महिला 40 फीसदी जल चुकी थी। एंबुलेंस बुलाकर महिला को मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इस बीच एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुणावत, सीओ तृतीय श्वेताभ पांडेय,



इंस्पेक्टर विजय सिंह आदि भी आ गए। रात में फॉरेंसिक टीम भी जांच के लिए पहुंच गई। डॉक्टर की पत्नी पर लगाया आरोप। इधर, महिला ने चीखते हुए पुलिस के सामने अपना नाम विमला पत्नी प्रेमचंद्र निवासी गोकुलेश पुरम, देवसैनी क्वार्सी बताया। 30 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया कि उसे फोन करके कल्पना यानि डॉक्टर की पत्नी ने बुलाया और बातचीत करते हुए पेट्रोल छिड़क कर उसे आग लगाकर खुद घर में बंद हो गई। इससे पहले उसने मुख्य दरवाजे पर ताला भी लगाया था। कुछ दिनों से घर नहीं आ रहे स्वास्थ्य अधिकारी। इधर, पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि डॉक्टर कमल सिंह पिछले कुछ समय से अपने घर नहीं आ रहे। उनका फोन भी बंद था। अब वे क्यों घर नहीं आ रहे, क्यों फोन बंद था। ये सब जांच का विषय है। सीओ तृतीय श्वेताभ पांडेय ने बताया कि तमाम पहलुओं पर जांच की जा रही है। महिला द्वारा लगाया गया बयान भी गंभीर विषय है, तथ्यों की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। मैं नहीं जानती कौन है महिला पुलिस के सामने डॉक्टर की पत्नी ने कहा कि वह इस महिला को नहीं जानती। वह घर में कैसे घुसी और कैसे आग लगी। वह तो चीख पर दरवाजे पर आई और अकेले होने के कारण खुद डर गईं। बरामदे में मिलीं जली चप्पलें व चादर। मोहल्ले वालों के बचाने के दौरान एक चादर उसे उड़ाया था। आग की लपट इतनी तेज थी कि वह भी जल गई और चप्पलें भी जली मिली हैं।

## त्योहारों के सीजन में सजी दुकानें, कहीं सेहत न बिगाड़ दें रंग–बिरंगी मिठाइयां

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : यदि आप घर के लिए अथवा किसी को उपहार स्वरूप मिठाई की भेंट करने की सोंच रहे हैं तो सावधान। दरअसल दीपों के त्यौहार दीपवाली पर जहाँ एक ओर बाजारों में रौनक लौट आयी है। लोकबाग सामर्थ्य के अनुसार खरीददारी के लिए उमड़ पड़े हैं। ऐसे में हम आपको सचेत रहने की सलाह देते हैं। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व में मिठाई का बहुत बड़ा स्थान है। लगभग हर घरों में मिठाइयां खरीदने और शुभेक्षु जनों को उपहार स्वरूप मिठाई भेंट करने की परंपरा रही है। लिहाजा मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ती है। इसी का फायदा उठाकर कई दुकानदार सिंथेटिक दूध व नकली मावा से रंग विरंगी मिठाइयों का स्टाल सजा कर रखते है। सूत्रों की मानें तो एजहां अपने जिले में कानपुर, आगरा समेत विभिन्न जिलों से भारी मात्रा में नकली मिठाई और मिठाइयों को बनाये जाने पर प्रयोग होने वाली सामग्री खूब आयातित होती है। वहीं जिम्मेदार महकमा अपनी मूल कर्तव्यों से इतर मोटी कमाई करने में दिलचस्पी रखता है। बानगी के तौर पर बीकापुर कस्बे समेत मिल्कीपुर, गोसाईगंज, पूराबाजार, समेत ग्रामीणांचल की बाजारों में खुलेआम मिलावटी मिठाई बेची जा रही है। नाम न छापने की शर्त पर मिठाई बनाने वाले कई कारीगरों ने बताया कि रूदौली बाजार तो नकली मिठाई का हब बन गया है। चमकदार काउंटर, लकदक दुकानें और आकर्षक पैंकिंग में शुद्धता का नामोनिशान नही होता। कारीगरों की माने तो कम से कम त्योहारों पर तो ऊंची दुकान, फीका पकवान की कहावत सटीक बैठती है। इस सम्बंध में जिम्मेदार महकमे के अधिकारियों का कहना है कि मिठाई की दुकानों पर समय–समय पर औचक निरीक्षण किया जाता है।


# पीएम मोदी का विजन अयोध्या का सौन्दर्यीकरण और विकास–लल्लू सिंह


अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : रामनगरी अयोध्या केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा विकास की योजनाओं की जानकारी सांसद लल्लू सिंह ने प्रेस वार्ता के माध्यम से दी। उन्होने बताया कि अयोध्या एक आध्यात्मिक नगरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन अयोध्या का सौन्दयीकरण और विकास है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के विकास के प्रति कृतसंकल्पित है। कई हजार करोड़ की योजना से अयोध्या का विकास किया जा रहा है। उन्होने बताया कि अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण के विश्वास के साथ 2014 से ही रामनगरी के विकास की शुरुवात कर दी गयी थी। अयोध्या में बेहतर आवागमन सुविधा के साथ पौराणिक स्थलों का पयर्टन की दृष्टि से विकास के विजन को अपनाया गया। रामवन गमन मार्ग, रामजानकी मार्ग मार्ग का निर्माण, अयोध्या जगदीशपुर फोरलेन जिसका निर्माण चल रहा है। बाराबंकी अकबरपुर रेलवे मार्ग दोहरीकरण का कार्य भी प्रगति पर है। 2018 में देश के सर्वोत्तम रेलवे स्टेशन में एक अयोध्या रेलवे स्टेशन का शिलान्यास तत्कालीन रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा ने किया। जिसमें प्रथम फेज का काम दिसम्बर तक पूरा हो जायेगा। अयोध्या से रामेश्वरम तक 2900 किमी की श्रद्धा एक्सप्रेस ट्रेन चलायी गयी। फैजाबाद का मालगोदाम सलारपुर स्थानांतरित किया जा रहा है। जिसके लिए रेलवे ने 131 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। अयोध्या रेलवे स्टेशन के साथ अयोध्या कैंट जंगशन का विकास किया जा रहा है। रामघाट हाल्ट में भी यात्री सुविधाओं का विकास हो रहा है। उन्होने बताया कि 133 करोड़ से अयोध्या के घाटों का निर्माण प्रदेश सरकार ने किया। रामकी पैड़ी का जीर्णोद्धार किया गया। अयोध्या की सड़के चौड़ी हो यह प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए 650 करोड़ से टेंडर हो चुका है। अयोध्या रिंगरोड़ का निर्माण 6400 करोड़ में होने जा रहा है। जिसके लिए एनएचआई ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। 9800 करोड़ से लखनऊ अयोध्या गोरखपुर 6 लेन स्वीकृत होने जा रहा है। 3737 करोड़ से 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण हो रहा है। अयोध्या में बनने वाले एयरपोर्ट के लिए 1100 करोड़ से जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। भारत सरकार के द्वारा सीपेड इंजीयरिंग कालेज की शुरुवात कर दी गयी है। केन्द्रीय विद्यालय की भी स्वीकृति मिली है। मेडिकल कालेज में 10 और विभागों को शुरु करने की मांग की गयी है। सात रेलवे क्रासिंग ओवर बिज का निर्माण होना है। जिसमें तीन की स्वीकृति मिल गयी है। फतेहगंज की स्वीकृति जल्द मिल जायेगी। 100 करोड़ से अयोध्या नगर निगम की सड़को का विकास किया जा रहा है। जिसमें अयोध्या नगर निगम में आने वाले ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल है।

# कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर घाटों का किया निरीक्षण

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए अयोध्या राम की पैड़ी पर पर्यवेक्षकों, समन्वयकों, घाट प्रभारियों एवं स्वयंसेवकों को कार्य पर लगा दिया गया है। सुबह 9 बजे विश्वविद्यालय परिसर से स्वयंसेवक वाहन द्वारा अयोध्या की ओर रवाना हुए। इनका उत्साह दीपोत्सव को लेकर देखते ही बन रहा है। सभी स्वयंसेवक परिचय पत्र के साथ थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने दोपहर 12 बजे राम की पैड़ी के घाटों का निरीक्षण किया और स्वयंसेवकों एवं विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने दीपोत्सव की व्यवस्था में लगे पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए दीपों के निर्धारित पैटर्न को देखा। 3 नवंबर को होने वाले दिव्य दीपोत्सव को सफल बनाने के लिए आज सुबह 11 बजे से पदाधिकारी 32 घाटों पर मुस्तैद रहे। सभी घाट प्रभारी, समन्वयक द्वारा स्वयंसेवकों को दीए के निर्धारित पैटर्न से अवगत कराया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से विश्वविद्यालय द्वारा घाटों पर 9 लाख से अधिक दीए बिछाने व जलाने के लक्ष्य को लेकर घाट नंबर एक से लेकर 32 तक पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है। जिसमें क्रमशः डॉ विजयेन्दु चतुर्वेदी, इंजीनियर रमेश मिश्र, इंजीनियर निधि यादव, डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, डॉ0 राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ0 आशुतोष सिंह, डॉ0 अनुराग मिश्रा, डॉ0 महेंद्र पाठक, डॉ0 अजय कुमार सिंह, डॉ0 अशोक कुमार राय, डॉ0 महेंद्र पाल सिंह, डॉ0 आशीष पटेल, डॉ0 अर्जुन सिंह, डॉ0 त्रिलोकी यादव, डॉ0 आशुतोष पांडे, डॉ0 मुकेश कुमार वर्मा, डॉ0 अश्विनी कुमार, डॉ0 अनुराग पांडे, इंजीनियर परितोष त्रिपाठी, इंजीनियर विनीत सिंह, डॉ0 राकेश पांडे, डॉ0 दिनेश सिंह, डॉ0 कमलेश तिवारी इंजीनियर शोभित श्रीवास्तव, इंजीनियर राजेश कुमार सिंह, डॉ0 सुरेंद्र मिश्र, इंजीनियर पियूष राय, डॉ0 रविंद्र भारद्वाज, इंजीनियर आशुतोष मिश्र, डॉ0 आशुतोष पांडे एवं संजीत पांडे को नियुक्त किया गया है। वहीं 1 से 32 तक घाट प्रभारी भी बनाए गए हैं जिसमें डॉ0 अशोक कुमार मिश्र, डॉ0 विनय कुमार सिंह, डॉ0 पूनम जोशी, डॉ0 सुषमा पाठक, डॉ0 अमरजीत पांडे, डॉ0 बृजेन्द्र कुमार दुबे, डॉ0 राज नारायण पांडे, डॉ0 अर्जुन सिंह डॉ0 शिरीष अस्थाना, डॉ0 बृजेश भारद्वाज, डॉ0 अनुराग सोनी, डॉ0 राजेश सिंह, दिव्यांश, सूरज त्रिपाठी, धर्मेंद्र पाठक, सुरेश कुमार, डॉ0 अवनीश शुक्ला, डॉ0 किशन सोनी, अंकित विश्वकर्मा, डॉ0 शिव नारायण वर्मा, मयंक सिंह, विष्णु कुमार गुप्ता, ऋषभ श्रीवास्तव, कदम कृष्ण पांडे, सुरेंद्र मिश्रा, कृष्ण पांडे, शिवांश कुमार, डॉ0 अनिकेश पांडे, डॉ0 श्याम नारायण यादव, डॉ0 शिवकुमार तिवारी, डॉ0 बीडी द्विवेदी, डॉ0 परेश कुमार पांडे हैं। इसके साथ सभी घाटों पर समन्वयक भी नियुक्त किए गये है जिसमें घाट एक पर 7 समन्वयक, 778 स्वयंसेवकों के सहयोग से 55500 दीए, घाट दो पर पांच समन्वयक, 367 स्वसेवक 27500 दीए, घाट तीन सात समन्वयक, 517 स्वयंसेवक 36700 दीए तथा घाट चार पर 11 समन्वयक, 649 स्वयंसेवक 48300 दीए जलायेंगे। वहीं घाट पांच पर सात समन्वयक, 233 स्वयंसेवक, 19000 दीए, घाट छह पर छह समन्वयक, 239 स्वयंसेवक, 18500 दीए, घाट सात पर 24 समन्वयक, 709, स्वयंसेवक 52000 दीए, घाट आठ पर 21 समन्वयक, 612 स्वयंसेवक, 47200 दीए जलायेंगे। इसी प्रकार घाट नौ पर 15 समन्वयक, 698 स्वयंसेवक, 52350 दीए, घाट दस पर 27 समन्वयक, 818 स्वयंसेवक, 53800 दीए, घाट 11 पर 11 समन्वयक, 645 स्वयंसेवक, 470000 दीए, घाट 12 पर 10 समन्वयक, 587 स्वयंसेवक, 37500 दीए, घाट 13 पर 10 समन्वयक, 350 स्वयंसेवक, 23600 दीए और घाट 14 पर 13 समन्वयक, 126 स्वयंसेवक, 31900 दीए जलायेंगे। घाट 15 पर 09 समन्वयक, 339 स्वयंसेवक 33000 दीए, घाट 16 पर तीन समन्वयक, 1433 स्वयंसेवक, 9400 दीए, घाट 17 पर 10 समन्वयक 365 स्वयंसेवक, 29500 दीए और घाट 18 पर पांच समन्वयक, 374 स्वयंसेवक, 29300 दीए जलायेंगे। घाट 19 पर आठ समन्वयक, 240 स्वयंसेवक, 19200 दीए, घाट 20 पर 12 समन्वयक, 344 स्वयंसेवक, 28500 दीए, घाट 21 पर छह समन्वयक, 91 स्वयंसेवक 14000 दीए, घाट 22 पर 9 समन्वयक, 117 स्वयंसेवक, 20000 दीए, घाट 23 पर आठ समन्वयक, 184 स्वयंसेवक 15000 दीए, घाट 24 पर आठ समन्वयक, 253 स्वयंसेवक, 21700 दीए, घाट पर 09 समनव्यक, 161 स्वयंसेवक, 13500 दीए, घाट 26 पर सात समन्वयक, 151 स्वयंसेवक, 12500 दीए, घाट 27 पर सात समन्वयक, 116 स्वयंसेवक, 8700 दीए, घाट 28 पर 7 समन्वयक, 542 स्वयंसेवक, 44000 दीए, घाट 29 पर 21 समन्वयक, 568 स्वयंसेवक, 43000 दीए, घाट 30 पर 10 समन्वयक, 389 स्वयंसेवक, 26000 दीए, घाट 31 पर पांच समन्वयक, 184 स्वयंसेवक, 12000 दीए और घाट 32 पर 7 समन्वयकों, 157 स्वयंसेवकों द्वारा 10000 दीए जलाने का लक्ष्य रखा गया है। दीपोत्सव को सफल बनाने में अवध विश्वविद्यालय सहित कई महाविद्यालय, स्वयंसेवी संस्थाओं के स्वयंसेवक प्रतिभाग कर रहे है। जिसमें विश्वविद्यालय के एमटीए, पर्यावरण, गणित, भौतिकी इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग, इतिहास, केंद्रीय पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, खेल, समाज कार्य विभाग, एमपीएच, अंग्रेजी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, यूथ हॉस्टल, एमबीए, एमबीए, बीबीए, बीसीए, आईटी, योग विज्ञान, दृश्य कला, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास सहित कई विभाग के छात्र–छात्राएं हिस्सा ले रहे है। इसके अतिरिक्त विवेक सिस्टर ट्रस्ट अयोध्या, विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ, साकेत पीजी कॉलेज, राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज, वाणी विकलांग, पार्वती गर्ल्स ऑफ एजुकेशनल, दीपा फोक आर्ट, श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या, सपना फाउंडेशन, श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ, आयुष्मान फाउंडेशन, सिद्धिविनायक, श्री रूपकला संस्कृत विद्यापीठ, नंदिनी नगर महाविद्यालय, भारतीय शिक्षण मंडल मंडल, महर्षि दयानंद, उर्मिला कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सेना द्वारा आश्रित घाट, भवदीय समूह अयोध्या, धाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी, टूरिस्ट गाइड नगर निगम, आशा भगवान बक्स महाविद्यालय, रामफेर सिंह टीचिंग एंड ट्रेनिंग, हनुमत इंस्टिटट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी, बीएनएस गर्ल्स कॉलेज, गायत्री शक्तिपीठ, बाल रामलीला समिति, सिंधी अध्ययन केंद्र, जिला अस्पताल, मुस्कान रिहैबिलिटेशन सेंटर, श्रीराम सेवा संस्थान अयोध्या, अवध इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या स्वामी विवेकानंद एजुकेशन, नारायण कैंसर सेवा संस्थान, ऑल इंडिया स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन व झुनझुनवाला पीजी कॉलेज के साथ अन्य संस्थान प्रतिभाग कर रहे है। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि कुलपति प्रो0 सिंह के निर्देश पर दीपोत्सव की तैयारियां तेज की दी गई है। घाटों पर स्वयंसेवकों को प्रभारियों द्वारा दिशा–निर्देश प्रदान कर दिया गया। इनके साथ स्वयंसेवकों ने दीए बिछाने का रिहर्सल किया। छात्र–छात्राओं को परिचय–पत्र के साथ घाटों पर प्रवेश दिया जा रहा है। कोविड–19 के दिए गए निर्देश के अनुपालन के लिए कहा गया है। आज से दीए बिछाने का कार्य तेजी शुरू हो गया है जो 2 नवम्बर तक चलता रहेगा। 3 नवम्बर दीपोत्सव के दिन दीपों में तेल डालने व जलाने का कार्य होगा। इस कार्य में 12 हजार वालंटियर लगाये गये है। इनकी मदद से पुनः गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में रिकार्ड दर्ज करेंगे।

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा,यम द्वितीया व भइया दूज के पावन पर्व पर सभी सम्मानित जनपद वासियों को हमारी ओर से हार्दिक बधाई



–श्री नवदुर्गा प्लाइवुड एवं हार्डवेयर सेंटर
रीडगंज, अयोध्या,फैजाबाद
मो– 9415076595
6307585494

शहर की एकमात्र प्रतिष्ठित डिजाइनर,डोर्स,प्लाईवुड लेमिनेट्स,फैन्सी हार्डवेयर,मॉड्यूलर किचन एसेसरीज तथा फिनिसिंग,मिटीरियल की विश्वसनीय प्रतिष्ठान

## मण्डलायुक्त ने दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर की बैठक

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक केपी सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा मुख्यमंत्री प्रस्थान के बाद दीपोत्सव कार्य से जुड़े तीन दर्जन से ज्यादा विभागों के अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं की बैठक रामकथा पार्क में की गयी तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि आपके कार्य करने के मात्र एक दिन बचे है। आप रात दिन एक करके अपने–अपने विभागों के कार्यो को पूरा करें तथा नगर में साफ सफाई व्यवस्था भी बेहतर किया जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि मोहबरा चौराहे से लेकर नयाघाट तिराहे तक के 16 फिट के नीचे तार या पेड़ हो उसको ठीक कर लें तथा इस रोड की लाइट व्यवस्था बेहतर किया जाय। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि सभी कार्यो को अधिकारी अपने जिम्मेदारी के साथ अयोध्या के गौरव को ध्यान में रखते हुये भव्य दीपोत्सव सम्पन्न कराने हेतु कार्य करें। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मीडिया के सहयोग की सराहना की गयी तथा सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसी बीच उपसूचना निदेशक डा0 मुरलीधर सिंह ने बताया कि मीडिया के पास बनने शुरू हो गये है तथा सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण भी किया जायेगा तथा कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये कार्यक्रम स्थलवार पास तैयार किये जा रहे है जो कल दोपहर से मीडिया सेंटर अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में दोपहर से बांटे जायेंगे इसके लिए हमारे मीडिया बंधुओं को परेशान होने की आवश्यकता नही है तथा जिन लोगों का नाम छूट गया है वह कल दोपहर तक अपना नाम एक–एक फोटोग्राफ के साथ जमा कर दें। मान्यता प्राप्त पत्रकार अपने अपने परिचय पत्र के आधार पर कवरेज करें उनको अलग से पास नही जारी किया जायेगा। दीपोत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए विगत वर्ष की भांति सहयोग करें सभी को दिनांक 2 नवम्बर 2021 को पत्रकारों को जलपान आदि की व्यवस्था मीडिया सेंटर में की जायेगी।

## आप कार्यकर्ता हर घर तक पहुंचाएं 300 यूनिट बिजली फ्री : बकाया माफ करने की गारंटी– केजरीवाल

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने रविवार को सिविल लाइन स्थित एक होटल सभागार में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को 300 यूनिट फ्री बिजली उपलब्ध कराने की अरविंद केजरीवाल की गारंटी को लेकर वो घर–घर तक जाएं। हर परिवार को अवगत कराएं कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो बिजली का बकाया माफ किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से दिल्ली के डिप्टी सीएम पूर्व में यह घोषणा कर चुके हैं कि उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक बिजली फ्री दी जाएगी। आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में जनता को इस घोषणा से अवगत कराने के लिए और इसके पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए फ्री बिजली अभियान चला रही है। हमने वादा किया है कि हमारी सरकार बनने पर किसान फसलों की सिंचाई के लिए चाहे जितनी भी बिजली का इस्तेमाल करेंगे, वह उन्हें फ्री मिलेगी। इसके साथ ही पार्टी की ओर से सरकार बनने के बाद बकाया बिजली बिलों की होलिका जलाने की घोषणा भी की जा चुकी है। हम आम आदमी के मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं जिसे जनता भरपूर समर्थन दे रही है। प्रदेश में लाखों लोग अब तक हमारे अभियान को अपना समर्थन दे चुके हैं। बिजली के अलावा हमने आम आदमी पार्टी की उत्तर प्रदेश में सरकार बनने पर कुल बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च करने का वादा किया है। हम इन घोषणाओं को अमलीजामा पहना सकें इसके लिए आम आदमी पार्टी प्रदेशवासियों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की केजरीवाल की गारंटी को लेकर पूरे प्रदेश में पदयात्रा निकाल रही है। इस पदयात्रा में हम 300 यूनिट फ्री बिजली, किसानों के लिए मुफ्त बिजली और बकाया बिल माफ करने के मुद्दे पर जन समर्थन जुटा रहे हैं। इस अभियान को लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जहां भी जाएं, इस अभियान की चर्चा करें। लोगों को बताएं कि किस तरह से अब तक यूपी में जाति धर्म की राजनीति करके राजनीतिक दलों ने सिर्फ अपना उल्लू सीधा करने का काम किया है। अब तक प्रदेश की जनता के पास कोई विकल्प नहीं था। लेकिन अब आम आदमी पार्टी के आ जाने से इस बार उत्तर प्रदेश की जनता अच्छी शिक्षा, बेहतर स्कूल, अच्छे अस्पताल, 300 यूनिट फ्री बिजली, बिजली बकाया माफी जैसे मुद्दों पर वोट देगीध। इसे भी पढ़े रक्तदान में मेजर ध्यानचंद संस्था को मिला पहला स्थान बैठक को जिला प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह गौतम, पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश के अध्यक्ष विनय पटेल, जिला अध्यक्ष डॉक्टर शौकत अली साही महानगर अध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति विनय श्रीवास्तव आलोक द्विवेदी दिग्विजय निषाद हर्षवर्धन कोरी पिछड़ा सुमित वर्मा पर प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष समीर चौधरी नोमान अहमद, मोहम्मद इस्माइल गुलाम गौस राजीव पाठक सूरज प्रधान विकास वर्मा संदीप पटेल विपिन कुमार सोनी फरीद अहमद सूरज कुमार मिश्रा गायत्री मिश्रा मोहम्मद शारजाह प्रमुख लोगों ने बैठक को संबोधित किया।

## स्वर्ण प्राशन का पांचवा चरण हुआ संपन्न

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बच्चों के स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि उनके शरीर को आवश्यक तत्वों की पूर्ति हो सके । स्वर्ण भस्म ऐसी दवा है जो बच्चों के अंदर संपूर्ण विकास करने में सहायक है। स्वर्ण प्राशन के पांचवे चरण का शुभारंभ साकेत पुरी स्थित अनंत शिखर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ज्योतिष विद्या के सम्मानित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य विनोद उपाध्याय द्वारा धनवंतरी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात बतौर मुख्य अतिथि आचार्य विनोद उपाध्याय के द्वारा 11 बच्चों को दवा पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के आयोजक वैद्य आर पी पांडेय ने स्वर्ण प्राशन के लाभ को विस्तार से बताया और यह भी कहा कि प्रत्येक बच्चे को स्वर्ण भस्म की 6 खुराक लेना आवश्यक होता है। कोई भी बच्चा 6 खुराक की दवा लेने के बाद भी वैद्य की सलाह अनुसार आगे भी स्वर्ण भस्म की दवा खा सकता है । स्वर्ण मस्तिष्क को विकसित शरीर को बलवान एवं ज्ञान इंद्रियों को तेज करता है। यह प्रथा बहुत पुरानी है। स्वर्ण भस्म की दवा सभी के लिए लाभदायक है। कार्यक्रम में 120 बच्चों को स्वर्ण भस्म की शोधित दवा खिलाई गई तथा उन्हें केसर युक्त खीर भी दी गई। स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे उपजा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता पावन भारत टाइम्स के संपादक पवन पांडेय अमित पांडे कांति तिवारी दीपक पांडे सुशील पांडे अजय श्रीवास्तव श्याम बाबू गुप्ता शील दास मनोज मिश्रा अजय पाण्डेय सहित तमाम सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

धनतेरस,छोटी दीपावली,दीपावली,गोवर्धन पूजा,भैया दूज व यमद्वितीया पर हमारी ओर से सभी जनपद वासियों को हार्दिक बधाई
प्रोपराइटर – अनिल कुमार गुप्ता
कुमार मेडिसिन हाउस,
जेनेरिक दवाओं के थोक व फुटकर बिक्रेता
महिला थाना के सामने रिकाबगंज,अयोध्या


छोटी दीपावली,दीपावली,गोवर्धन पूजा,भैयादूज व यम द्वितीया के पावन पर्व पर समस्त जनपद वासियों को हमारी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
–डॉ अमित तिवारी
मॉर्डन डेंटल क्लिनिक
देवकाली तिराहा, फैजाबाद

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई



–नीरज कुमार कनौजिया
जनसमाजसेवी,
मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र,अयोध्या
मो0– 969259210

धनतेरस दीपावली गोवर्धन पूजा व यम दतिया के पावन पर्व पर हमारी टीम की ओर से जनपद वासियों को हार्दिक बधाई



– कुमारी रत्ना
महिला थाना प्रभारी
जिला, अयोध्या

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व यम द्वितीया के पावन पर्व पर समस्त जिले वासियो को हमारी ओर से हार्दिक बधाई



–डाक्टर अम्बिकेश त्रिपाठी
सदस्य
उत्तर प्रदेश राज्य संदर्भ समूह, अयोध्या

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई





–इश्तियाक अहमद
यश टेलर्स
जनाना हास्पिटल मार्ग,
रिकाबगंज फैजाबाद
मो–9415917730

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई



–डॉ. मुकेश गौतम
(MBBS,MD)
पंजाबी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर आशापुर दर्शन नगर, अयोध्या
मो0 –9839323999

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई




–डॉ. निशी सिंह
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
MBBS कात्यायनी हॉस्पीटल निकट बिग बाजार, अयोध्या
मो0– 7234090000

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई




–विनय वर्मा
(रियल स्टेट )
अयोध्या–लखनऊ
मो0– 9628090226

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई



–सुधांशु वर्मा
( रियल स्टेट )
अयोध्या–लखनऊ
मो0– 9695173381

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।